# कर्तव्यों का निष्ठा व दूरदर्शिता से पालन करें

## विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने युवा विधायक सम्मेलन के समापन सत्र में कहा



**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 31 मार्च. विकसित भारत 2047 का सपना तभी साकार हो सकता है, जब हमारे युवा विधायक अपने कर्तव्यों का निष्ठा और दूरदर्शिता के साथ पालन करें. इस तथ्य को रेखांकित करते हुए राष्ट्रकुल संसदीय संघ भारत क्षेत्र जोन-6 के समापन सत्र में युवा विधायकों ने पांच संकल्प लिए.**

विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने युवा विधायकों को संकल्प दिलाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का विकसित भारत 2047 का विजन केवल सरकार का नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का संकल्प है. इस संकल्प को पूरा करने के लिए नागरिकों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है. मप्र विधानसभा में आयोजित मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के दो दिवसीय युवा विधायक सम्मेलन के समापन सत्र में ये संकल्प लिए गए.सम्मेलन में लोकतंत्र में नागरिकों की भागीदारी एवं विकसित भारत 2047 में विधायकों की भूमिका पर विचार व्यक्त किये गये.

**आने वाली सदी भारत की होगी : हरिवंश सिंह**

समापन सत्र में उप सभापति राज्यसभा हरिवंश सिंह ने कहा कि भारत आज दुनिया की सबसे तेज गति से उभरती अर्थव्यवस्था है. भारत चुनौतियों से निपट कर नया इतिहास बना रहा है और आने वाली सदी भारत की होगी. इसके लिए सकारात्मक और दूरदर्शी सोच के साथ कार्य करना आवश्यक है.

### युवा विधायकों के पांच संकल्प

**संकल्प-1 :** हम, युवा विधायक सम्मेलन में यह दृढ संकल्प लेते हैं कि लोकतंत्र की सशक्तता का मूल आधार नागरिकों की सक्रिय भागीदारी है. अत: एक मजबूत और समावेशी लोकतंत्र के निर्माण में हम युवा विधायक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगे.

**संकल्प - 2 :** हम, युवा विधायक समाज की नई ऊर्जा, नवाचार और परिवर्तन की सोच का प्रतिनिधित्व करते हुये नागरिकों और शासन के बीच सेतु का कार्य करेंगे, हम जनसरोकारों को समझकर आम जनता की समस्याओं को विधानसभा तक पहुंचायेंगे तथा पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितकारी नीतियों के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभायेंगे ताकि लोकतांत्रिक संस्थायें जनता के प्रति उत्तरदायी हो सके.

**संकल्प- 3 :** हम, नागरिकों को जागरूक और सशक्त बनाने हेतु सतत, सार्थक प्रयास करेंगे ताकि वे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में भाग लें. तकनीक और नवाचार का उपयोग कर शासन को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में दीर्घकालिक नीतियां बनाने एवं युवाओं, महिलाओं और वंचित वर्गों की आवाज़ को सशक्त बनाने हेतु सक्रिय भूमिका निभायेंगे जिससे जनता और उनकी विधायिकाओं के बीच प्रभावी संपर्क स्थापित हो सके तथा सार्थक सहभागी शासन सुनिश्चित किया जा सके.

**संकल्प- 4 :** हम युवा विधायक, राजनीतिक दबाव, संसाधनों की कमी, सामाजिक असमानताएं और बदलती वैश्विक परिस्थितियों का सामना करते हुये ईमानदारी, प्रतिबद्धता और दूरदर्शिता के साथ कार्य करने के लिये दृढ संकल्पित रहेंगे, ताकि हमारे राष्ट्र की लोकतांत्रिक परम्परायें और मूल्य और अधिक गहरे तथा सशक्त बन सके।

**संकल्प- 5 :** हम यह भी संकल्प लेते हैं कि हम स्वयं भी एक जागरूक नागरिक बनेंगे, विधायिकाओं में होने वाली बहसों और चर्चाओं में जनप्रतिनिधियों की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु शोध एवं अनुसंधान सहायता को सुदृढ करेंगे.

# राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आज

▸ **मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ**

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 31 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हर नन्हा मन जुड़े, शिक्षा की रोशनी से स्कूल चलें हम, अभियान के तहत राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को सुबह 9 बजे मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, टी.टी. नगर में करेंगे.**

इसके अलावा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नि:शुल्क साइकिल का वितरण भी करेंगे. राज्य शासन द्वारा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के किये विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं. इसके अंतर्गत मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप सहायता दी जा रही है. स्कूटी योजना एवं साइकिल वितरण योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है.

### 375 करोड़ रु. की राशि उद्यमियों के खाते में अंतरित

**भोपाल, 31 मार्च.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की एक दिन पूर्व की गई घोषणा का 24 घंटे में पालन हुआ है. वित्त विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई 375 करोड़ रुपए की राशि मंगलवार को एमएसएमई विभाग ने 600 से अधिक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम इकाइयों के खातों में प्रोत्साहन तथा अनुदान राशि अंतरित भी कर दी है. उल्लेखनीय है कि सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में संपन्न हुए कार्यक्रम में 250 इकाइयों को 169 करोड़ 57 लाख रुपए की राशि अंतरित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शेष इकाइयों से वायदा किया था कि उन्हें भी जल्दी ही मदद की जाएगी. एमएसएमई मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने विभाग और उद्यमियों की ओर से मुख्यमंत्री की सहृदयता के लिए आभार व्यक्त किया है.

# संपत्ति कर और कचरा शुल्क में वृद्धि

**मंडीदीप, 31 मार्च. मंडीदीप नगर पालिका का वर्ष 2026-2027 का आम बजट सर्वसम्मति के साथ पास हो गया. संपत्ति कर और कचरा शुल्क में 10-10 प्रतिशत की वृद्धि की गई. यह बजट पिछले साल के बजट के मुकाबले यह बजट 42 करोड़ की बचत का रहा.**

नपा द्वारा पेयजल में कोई भी अतिरिक्त शुल्क नहीं जोड़ा गया. तालाब और चमड़े-हड्डी का सालाना ठेका समेत 14 प्रस्तावों को भी मंजूरी मिली. नागरिकों को आवश्यक पानी, गुणवत्ता पूर्ण सड़कें ओर साफ-सफाई देने में अब तक नाकाम नगर पालिका परिषद द्वारा लगातार तीसरे वर्ष कर में वृद्धि की गई है. नपा सूत्रों के अनुसार, यह कदम संस्था की माली हालत सुधारने के लिए उठाया गया. हालांकि, इसके उलट नपा पुराने बकायों की वसूली में नाकाम दिख रही है. सूत्र बताते हैं कि नपा का करीब 14 करोड़ रुपये का बकाया है, जिसे वसूलने के लिए कोई ठोस प्रयास नजर नहीं आ रहे हैं. रहवासियों का कहना है कि सड़कें खस्ताहाल हैं. पानी की आपूर्ति नियमित नहीं है और साफ-सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी बनी हुई है. ऐसे में करों में वृद्धि लोगों को बेमानी लग रही है. कांग्रेस के दशरथ मीणा का कहना है कि पहले मौजूदा सुविधाओं में सुधार किया जाए, उसके बाद ही कर में बढ़ोतरी होती तो जनता को कुछ राहत मिलती.


> यह बजट पूरी तरह से जनता के हित के लिए बनाया गया है. नगर में चल रहे करोड़ों की परियोजनाओं के लिए ये बजट मील का पत्थर साबित होगा.
> प्रियंका राजेंद्र अग्रवाल, नपा अध्यक्ष मंडीदीप.

### गौहर महल में मेला आज से लगेगा

**भोपाल, 31 मार्च.** घर की चारदीवारी में सिमटा हुनर जब खुले आकाश के नीचे अपना रंग बिखेरता है तो वह केवल प्रदर्शनी नहीं बल्कि सपनों की एक जीवंत कहानी बन जाता है. कुछ ऐसी ही कहानियां अब गौहर महल में देखने को मिलेंगी. जहां सितारा प्रदर्शनी का शुभारंभ 1 अप्रैल से हो रहा है. पांच दिन तक चलने वाली प्रदर्शनी में बनारसी सिल्क की साड़ियों की चमक होगी तो बाग प्रिंट और चंदेरी की पारंपरिक खूबसूरती भी नजर आएगी. भागलपुर की सिल्क शॉल और असम की शिल्पकला का भी स्टॉल रहेगा.

# श्रवण से ही सत्य का अनुभव संभव

## व्याख्यानमाला में स्वामी चिदानंद पुरी ने कहा



**भोपाल, 31 मार्च.** उपनिषदों में निहित अद्वैत सिद्धांत को साधारण जनमानस तक पहुंचाने वाले आचार्य शंकर की परंपरा को अक्षुण्ण रखने के लिये आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, संस्कृति विभाग, द्वारा पिछले 6 साल से प्रतिमाह निरंतर शंकर व्याख्यानमाला का आयोजन किया जाता है. मंगलवार को न्यास द्वारा 89 वीं व्याख्यानमाला का ऑनलाइन आयोजन किया गया. इस व्याख्यानमाला में अद्वैताश्रम के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद पुरी ने वेदांत के अत्यंत महत्वपूर्ण विषय 'अध्यारोप -अपवाद' पर ज्ञानवर्धक व्याख्यान है. स्वामी जी ने ज्ञान प्राप्ति के तीन मार्ग बताए श्रवण (गुरु-वचन सुनना), मनन (तार्किक चिंतन) और निदिध्यासन (गहन ध्यान). इन तीनों के माध्यम से ही परम सत्य का प्रत्यक्ष अनुभव संभव है.

### सिलेंडर बुकिंग के नाम फर्जीवाड़े से बचें

**भोपाल, 31 मार्च.** साइबर क्राइम ब्रांच ने गैस सिलेंडर बुकिंग के नाम पर फर्जी कॉल, लिंक और एपीके फाइल से सावधान रहने की . इस संबंध में साइबर क्राइम ब्रांच ने एडवाइजरी जारी की है. गैस सिलेंडर की बुकिंग केवल आधिकारिक वेबसाइट, मोबाइल ऐप या ग्राहक सेवा नंबर के माध्यम से ही करें. किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और अनजान स्रोत से प्राप्त एपीके फ़ाइल कभी डाउनलोड न करें. ओटीपी, बैंक विवरण, यूपीआई पिन या पासवर्ड किसी भी कॉल या संदेश पर साझा न करें.

# सचिन सिन्हा एसीएस के पद पर पदोन्नत

**भोपाल, 31 मार्च. वर्ष 1995 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सचिन सिन्हा को अपर मुख्य सचिव के पद पर पदोन्नत कर दिया गया है. सिन्हा अब तक विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी सह महानिदेशक आरसीपीव्ही नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी के पद पर पदस्थ थे, अब वे पदोन्नति के बाद अकादमी में महानिदेशक होंगे.**

सामान्य प्रशासन विभाग कार्मिक ने मंगलवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं. दरअसल मंगलवार को मार्च के आखिरी कार्यदिवस में अपर मुख्य सचिव स्तर की अधिकारी स्मिता भारद्वाज सेवानिवृत्त हो गईं. श्रीमती भारद्वाज अब तक अध्यक्ष मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल के पद पर पदस्थ थीं. उनकी सेवानिवृत्ति से अपर मुख्य सचिव का एक पद रिक्त हो गया था, लिहाजा इस पद पर अब सचिन सिन्हा को पदोन्नत कर दिया गया है.

वर्ष 1994 बैच की अधिकारी श्रीमती रश्मि अरुण शमी को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. वे वर्तमान में अपर मुख्य सचिव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के रूप में भी कार्यरत हैं.

### करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**भोपाल, 31 मार्च.** कोहेफिजा थाने इलाके में करंट की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई. मंगलवार को पुलिस ने शव का पीएम कराते हुए परिजनों को सौंप दिया है. जानकारी के मुताबिक सोनू वर्मा (25) भानपुर मल्टी में किराए से रहता था. सोनू मूलत: राजगढ़ जिले का रहवासी थी और भोपाल में मार्बल घिसने वाली मशीन की ऑपरेट करने का काम करता था. मंगलवार को सोनू लालघाटी में चल रही साइट पर काम करने पहुंचा था. इसी दौरान मशीन में लगे बिजली के तार के कटे होने से वह करंट की चपेट में आ गया. पुलिस ने जांच शुरू कर दी है..

### मिठी गोबिंदराम स्कूल का नतीजा घोषित



**भोपाल, 31 मार्च.** मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में कक्षा प्रथम से नवीं एवं ग्यारहवीं तक के परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किए गए. इस अवसर पर शैक्षणिक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई. इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, नवाचार एवं शैक्षणिक उपलब्धियों की सुंदर प्रस्तुति की गई. परीक्षा परिणाम घोषणा के साथ-साथ विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए रोचक खेल, सेल्फी पॉइंट्स एवं अन्य मनोरंजक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया.

# कांग्रेस कभी किसानों की हितैषी नहीं रही

## भाजपा किसान मोर्चा ने कांग्रेस पर किया पलटवार

**भोपाल 31 मार्च.भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तारीख आगे बढ़ाने को लेकर लगाए गए आरोपों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस कभी किसानों की हितैषी नहीं रही.**

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके नेता किसानों के नाम पर सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करते हैं। पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण



आमजनता को सर्वोच्च प्राथकिता देते हुए पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस का उपयोग अन्य उद्योगों में नहीं हो रहा है। युद्ध के कारण पीपी, एचडीपी बैग के निर्माण में उपयोग किया जाने वाला पोलीमर की उपलब्धता में कमी आई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने इस स्थिति से निपटने के लिए मध्यप्रदेश को 50 हजार जूट की गठाने का अतिरिक्त आवंटन किया है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर किसानों के गेहूं का एक-एक दाना खरीदने के लिए तैयार है.

### अवैध शराब भंडारण का खुलासा, तस्कर गिरफ्तार

**मुरैना, 31 मार्च.** मुरैना जिले के कैलारस थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पांच लाख रुपए से अधिक मूल्य की अवैध शराब और बीयर बरामद की है. मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम पचेखा में एक व्यक्ति द्वारा बिक्री के लिए बड़ी मात्रा में अवैध शराब और बीयर का भंडारण किया गया है. सूचना के आधार पर पुलिस ने बताए गए स्थान पर छापा मारकर आरोपी मोनू उर्फ महावीर तोमर को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक अन्य आरोपी मौके से फरार हो गया.

# प्रेम की देह से आत्मा तक उर्वशी ने छुआ मन

**नवभारत प्रतिनिधि**
**भोपाल, 31 मार्च. जब स्वर्ग की अप्सरा धरती पर उतरती है और एक नश्वर राजा के प्रेम में बंध जाती है, तब मंच पर केवल एक प्रेम कथा नहीं, बल्कि आत्मा और देह के बीच का गहरा संवाद जीवंत हो उठता है. यही अनुभूति रामधारी सिंह दिनकर की कालजयी रचना उर्वशी के मंचन में मंगलवार शाम को लिटिल बैले ट्रूप में देखने को मिली.**



प्रस्तुति में उर्वशी और पुरुरवा की कथा के माध्यम से प्रेम के बदलते आयामों को संवेदनशीलता के साथ उकेरा गया. कहानी उस क्षण से शुरू होती है जब राजा पुरुरवा स्वर्ग की अप्सरा उर्वशी को देख मोहित हो जाता है और दोनों का प्रेम उन्हें धरती पर साथ ले आता है.

लेकिन अमरता और नश्वरता के बीच का अंतर उनके रिश्ते में दूरी भी पैदा करता है. मंच पर दिखाया गया कि कैसे अलगाव के बाद भी प्रेम की अनुभूति खत्म नहीं होती, बल्कि और गहरी होकर सामने आती है. नाटक से दर्शकों को संदेश दिया कि प्रेम केवल देह का आकर्षण नहीं, बल्कि समर्पण और आत्मिक जुड़ाव का नाम है.

### डायल-112 टीम ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल

**भोपाल, 31 मार्च.** मध्यप्रदेश पुलिस की डायल-112 सेवा ने कटनी जिले में बस दुर्घटना में घायल यात्रियों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उपचार उपलब्ध कराया. यह घटना 30 मार्च को थाना कुठला क्षेत्र के लंतरा के पास हुई, जहां बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे करीब आठ लोग घायल हो गए. राज्य स्तरीय डायल-112 कंट्रोल रूम, भोपाल को सूचना मिलते ही नजदीकी एफआरवी वाहनों को रवाना किया गया. घ्आरक्षक दुर्गेश और पायलट दीपक कुमार ने कई घायल यात्रियों को अस्पताल पहुंचाया.

# उज्जैन में 3 से 5 अप्रैल तक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन होगा

**भोपाल, 31 मार्च. मध्यप्रदेश की धार्मिक नगरी उज्जैन में 3 से 5 अप्रैल तक 'महाकालः द मास्टर ऑफ टाइम' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक अंतरिक्ष विज्ञान पर वैश्विक स्तर पर मंथन होगा.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 3 अप्रैल को सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में शामिल होंगे. केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे. सम्मेलन का आयोजन उज्जैन के समीप डोंगला में किया जाएगा, जबकि उद्घाटन तारामंडल परिसर में होगा.तीन दिवसीय इस सम्मेलन में देश-विदेश के वैज्ञानिक, खगोलविद, शिक्षाविद, शोधार्थी और अंतरिक्ष क्षेत्र के विशेषज्ञ भाग लेंगे. कार्यक्रम के दौरान साइंस सेंटर का उद्घाटन भी किया जाएगा तथा यूएवी, रिमोट कंट्रोल और सैटेलाइट निर्माण जैसे विषयों पर कार्यशालाएं आयोजित होंगी.

यह आयोजन मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ और विज्ञान भारती के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न राष्ट्रीय संस्थान भी सहयोगी हैं. डोंगला, जो कर्क रेखा के निकट स्थित होने के कारण प्राचीन काल से खगोल विज्ञान का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है, सम्मेलन का प्रमुख स्थल होगा. यहां उज्जैन-डोंगला को वैश्विक मेरिडियन के रूप में स्थापित करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की जाएगी. सम्मेलन में स्पेस इकोनॉमी, खगोल विज्ञान, कॉस्मोलॉजी, भारतीय काल गणना पद्धति और स्पेस सेक्टर की रणनीतियों जैसे विषयों पर विचार-विमर्श होगा. साथ ही तकनीकी सत्र, पैनल चर्चा, प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे. यह सम्मेलन उज्जैन को वैश्विक टाइम स्केल सेंटर के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है और इससे सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को भी बल मिलेगा.

### जनसुनवाई में आए 113 आवेदन

**भोपाल, 31 मार्च.** कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई हुई, जिसमें जिले के 113 आवेदन आए. कलेक्टर, अतिरिक्त कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने पीड़ितों की समस्याएं सुनीं. जिनमें आर्थिक सहायता, पेंशन, मारपीट, नामांतरण,बंटवारा, मकान और जमीन पर कब्जा, फसल काटने जैसी समस्या से पीड़ित पहुंचे और समस्याएं हल करने की मांग की.

# लेबर कॉलोनी तोड़ने के प्रस्ताव का विरोध

**विशेष संवाददाता**
**भोपाल, 31 मार्च. कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र स्थित स्टेट लेबर कॉलोनी की झुग्गी बस्ती को तोड़ने की प्रस्तावित कार्रवाई के विरोध में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा.**



प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से मांग की कि इस कार्रवाई को तत्काल प्रभाव से रोका जाए, प्रतिनिधिमंडल में पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा, अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की सचिव दीप्ति सिंह, महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल और जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना आदि शामिल थे. ज्ञापन में बताया गया कि लेबर कॉलोनी में परिवार वर्ष 1982 से निवास कर रहे हैं.

# बड़ा ड्रग नेटवर्क उजागर, सरगना गिरफ्तार

**विशेष संवाददाता**
**भोपाल, 31 मार्च. पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है. इसी क्रम में रतलाम जिले में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए पुलिस ने सिंथेटिक ड्रग बनाने वाले नेटवर्क का पर्दाफाश किया है.**

▸ **200 ग्राम एमडीएमए, गैस सिलेंडर किया बरामद**
▸ **रतलाम पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई**

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के नेतृत्व में रिंगनोद और पिपलोदा थाना पुलिस ने पिछले दो दिनों में लगातार छापेमारी की. 31 मार्च को पिपलोदा थाना क्षेत्र के बोरखेड़ा गांव में एक अवैध एमडीएमए निर्माण इकाई का खुलासा किया गया. यह यूनिट मुर्गी फार्म की आड़ में संचालित की जा रही थी.

छापे के दौरान पुलिस ने करीब 175 किलोग्राम रासायनिक पदार्थ, 200 ग्राम तैयार एमडीएमए, गैस सिलेंडर और हीटिंग उपकरण सहित लगभग 2.40 लाख रुपये मूल्य की सामग्री जब्त की. इस मामले में मुख्य आरोपी जमशेद खान उर्फ जमशेद लाला को गिरफ्तार किया गया है. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वह अंतरराज्यीय ड्रग नेटवर्क का सरगना है, जो राजस्थान से केमिकल मंगाकर नशीले पदार्थों की सप्लाई करता था. इससे पहले 29 मार्च को पुलिस ने एक वाहन से 500 ग्राम एमडीएमए (कीमत लगभग 5 लाख रुपये) जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था. वहीं एक अन्य कार्रवाई में 100 ग्राम ब्राउन शुगर भी बरामद की गई. पुलिस के अनुसार पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए आगे की जांच जारी है.

**उपार्जन राजनीति** ▸ **गेहूं उपार्जन में विलंब का आरोप लगाया, प्रशासनिक असफलता को वजह बताया**

# गेहूं खरीदी में देरी पर पटवारी का भाजपा सरकार पर हमला

**विशेष संवाददाता**
**भोपाल, 31 मार्च. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने गेहूं खरीदी व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है. उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासनिक विफलताओं के कारण प्रदेश के किसान गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं.**



पटवारी ने कहा कि 1 अप्रैल से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं खरीदी के बड़े-बड़े दावे किए गए थे, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है. किसानों को अपनी उपज उचित मूल्य पर बेचने के लिए भटकना पड़ रहा है. उन्होंने केंद्रीय कृषि मंत्री के उस दावे की भी आलोचना की, जिसमें किसानों की आय आठ गुना बढ़ने की बात कही गई थी, और इसे वास्तविकता से दूर बताया.

> पटवारी के अनुसार प्रदेश के कई किसान कर्ज के बोझ तले दबे हैं और ऋण चुकाने की समय-सीमा भी निकल चुकी है. इसके बावजूद खरीदी में देरी के कारण उन्हें मजबूरन अपनी फसल औने-पौने दामों पर बेचनी पड़ रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि जहां एक ओर किसान खरीदी केंद्रों पर लंबी कतारों में खड़े हैं, वहीं सत्ता से जुड़े लोगों के गोदाम पहले ही गेहूं से भरे पड़े हैं. उन्होंने राज्य सरकार को 'संवेदनहीन' बताते हुए कहा कि सरकार किसानों के हितों की बजाय कर्ज और बिजली बिल वसूली को प्राथमिकता दे रही है. पटवारी ने एमएसपी पर तत्काल पारदर्शी खरीदी, भंडारण में गड़बड़ियों की जांच और किसानों को कर्ज भुगतान में राहत देने की मांग की है. उन्होंने चेतावनी दी कि करीब 40 प्रतिशत किसान डिफॉल्टर बनने के खतरे में हैं.